उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

गुरूवार, 22 अग्रहायण, शक संवत्, 1934

## ( दिनांक : 13 दिसम्बर, 2012 )

समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न

1. प्रश्न (देखिए नत्थी "क")।

2. निधन के निदेश।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर की ग्राम सभा मर्दसू, के मजरे ग्राम सुईला, धवाडा गांवों के विद्युतीकरण किये जाने के संबंध में" श्री रसपाल सिंह,, एवं अन्य निवासीगण, ग्राम सभा मर्दसू, जनपद देहरादून द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर की ग्राम सभा बावनधार के मजरे ग्राम झावगी, जैंदर के विद्युतीकरण किये जाने के संबंध में" श्री सन्तराम,, एवं अन्य निवासीगण, ग्राम झावगी, ग्राम सभा बावनधार, जनपद देहरादून द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर की ग्राम सभा मटोगी के मजरे ग्राम रैडा, निगरोड़ा, खेड़ा, हरलोई थात, ढकनी धार, कुरजील,, डूमन थात गांवों के विद्युतीकरण किये जाने के संबंध में" श्री दिवान सिंह,, एवं अन्य निवासीगण, ग्राम निगरोड़ा ग्राम सभा मटोगी जनपद देहरादून द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा, "जनपद देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर की ग्राम सभा भलेर के मजरे ग्राम क्वागी, बायडीखील, मांडुवा गांवों के विद्युतीकरण किये जाने के संबंध में" श्री खजान सिंह तोमर,, एवं अन्य निवासीगण, ग्राम बायडीखील, ग्राम सभा भलेर, जनपद देहरादून द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

9. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

10. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

11. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हो।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-"**ख**")

12. कृषि मंत्री, उत्तराखण्ड कृषि उत्पाद मण्डी (विकास एवं विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

13. कृषि मंत्री, उत्तराखण्ड कृषि उत्पाद मण्डी (विकास एवं विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2012 को पुरःस्थापित करेंगे।

14. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

15. परिवहन मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार (संशोधन) विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री हरबंश कपूर<br>3. श्री मदन कौशिक<br>4. श्री दलीप सिंह रावत<br>5. श्री अजय टम्टा<br>6. श्री महावीर सिंह<br>7. श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>8. डा0 प्रेम सिंह<br>9. श्री यतीश्वरानन्द<br>10. श्री चन्दन राम दास<br>11. श्री हरभजन सिंह चीमा<br>12. श्री बिशन सिंह चुफाल<br>13. श्री तीरथ सिंह रावत<br>14. श्री आदेश चौहान<br>15. श्रीमती विजय बड़थ्वाल | "उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार (संशोधन) विधेयक, 2012 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br><br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

16. श्री राजेश शुक्ला
17. श्री दान सिंह भण्डारी
18. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
19. श्री बंशीधर भगत
20. श्री पुष्कर सिंह धामी
21. श्री सहदेव सिंह
22. श्री गणेश जोशी
23. श्री मालचन्द
24. श्री प्रेम चन्द अग्रवाल
25. श्री राजकुमार ठुकराल
26. श्री भीमलाल आर्य
27. श्री चन्द्रशेखर
28. श्री संजय गुप्ता
29. श्री अरविन्द पाण्डे

16. परिवहन मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार (संशोधन) विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

17. परिवहन मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन और नागरिक अवस्थापना उपकर विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| <u>प्रस्तावक का नाम</u> | <u>संशोधन का रूप</u> |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री हरबंश कपूर<br>3. श्री मदन कौशिक<br>4. श्री दलीप सिंह रावत<br>5. श्री अजय टम्टा<br>6. श्री महावीर सिंह<br>7. श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>8. डा0 प्रेम सिंह<br>9. श्री यतीश्वरानन्द<br>10. श्री चन्दन राम दास<br>11. श्री हरभजन सिंह चीमा<br>12. श्री विशन सिंह चुफाल<br>13. श्री तीरथ सिंह रावत<br>14. श्री आदेश चौहान<br>15. श्रीमती विजया बड़थ्वाल<br>16. श्री राजेश शुक्ला<br>17. श्री दान सिंह भण्डारी<br>18. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना | " उत्तराखण्ड परिवहन और नागरिक अवस्थापना उपकर विधेयक 2012 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br><br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

19. श्री बंशीधर भगत
20. श्री पुष्कर सिंह धामी
21. श्री सहदेव सिंह
22. श्री गणेश जोशी
23. श्री मालचन्द
24. श्री प्रेम चन्द अग्रवाल
25. श्री राजकुमार ठुकराल
26. श्री भीमलाल आर्य
27. श्री चन्द्रशेखर
28. श्री संजय गुप्ता
29. श्री अरविन्द पाण्डे

18. परिवहन मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन और नागरिक अवस्थापना उपकर विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

19. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य एकल खिड़की सुगमता और अनुज्ञापन विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
| --- | --- |
| 1. श्री अजय भट्ट<br>2. श्री हरबंश कपूर<br>3. श्री मदन कौशिक<br>4. श्री दलीप सिंह रावत<br>5. श्री अजय टम्टा<br>6. श्री महावीर सिंह<br>7. श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>8. डा० प्रेम सिंह<br>9. श्री यतीश्वरानन्द<br>10. श्री चन्दन राम दास<br>11. श्री हरभजन सिंह चीमा<br>12. श्री विशन सिंह चुफाल<br>13. श्री तीरथ सिंह रावत<br>14. श्री आदेश चौहान<br>15. श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>16. श्री राजेश शुक्ला<br>17. श्री दान सिंह भण्डारी<br>18. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>19. श्री बंशीधर भगत<br>20. श्री पुष्कर सिंह धामी<br>21. श्री सहदेव सिंह | " उत्तराखण्ड राज्य एकल खिड़की सुगमता और अनुज्ञापन विधेयक, 2012 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br><br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

22. श्री गणेश जोशी
23. श्री मालचन्द
24. श्री प्रेम चन्द अग्रवाल
25. श्री राजकुमार ठुकराल
26. श्री भीमलाल आर्य
27. श्री चन्द्रशेखर
28. श्री संजय गुप्ता
29. श्री अरविन्द पाण्डे

20. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य एकल खिड़की सुगमता और अनुज्ञापन विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

21. सिंचाई मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विद्युत उत्पादन पर जल उपयोग कर विधेयक, 2012 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
| --- | --- |
| 1. श्री अजय भट्ट | " उत्तराखण्ड विद्युत उत्पादन पर जल उपयोग कर विधेयक, 2012 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।" (समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |
| 2. श्री हरबंश कपूर | |
| 3. श्री मदन कौशिक | |
| 4. श्री दलीप सिंह रावत | |
| 5. श्री अजय टम्टा | |
| 6. श्री महावीर सिंह | |
| 7. श्री पूरन सिंह फर्त्याल | |
| 8. डा0 प्रेम सिंह | |
| 9. श्री यतीश्वरानन्द | |
| 10. श्री चन्दन राम दास | |
| 11. श्री हरभजन सिंह चीमा | |
| 12. श्री बिशन सिंह चुफाल | |
| 13. श्री तीरथ सिंह रावत | |
| 14. श्री आदेश चौहान | |
| 15. श्रीमती विजया बड़थ्वाल | |
| 16. श्री राजेश शुक्ला | |
| 17. श्री दान सिंह भण्डारी | |
| 18. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना | |
| 19. श्री बंशीधर भगत | |
| 20. श्री पुष्कर सिंह धामी | |

21. श्री सहदेव सिंह
22. श्री गणेश जोशी
23. श्री मालचन्द
24. श्री प्रेम चन्द अग्रवाल
25. श्री राजकुमार ठुकराल
26. श्री भीमलाल आर्य
27. श्री चन्द्रशेखर
28. श्री संजय गुप्ता
29. श्री अरविन्द पाण्डे

22. सिंचाई मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विद्युत उत्पादन पर जल उपयोग कर विधेयक, 2012 पारित किया जाय।

23. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा के नियम-54 की निम्नलिखित सूचना का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चाः-

"प्रदेश में ऊर्जा की कमी को देखते हुए राज्य में ऊर्जा आधारित विकास की सम्भावनाओं पर विचार हेतु एक समिति बनायी जाय जो सरकार को एक निश्चित समय में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।" **(30 मिनट)**

24. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा के नियम-54 की निम्नलिखित सूचना का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चाः-

"जनपद देहरादून के पछवादून क्षेत्र की नदियों में चुगान का कार्य जो गढ़वाल मण्डल विकास निगम तथा वन विकास निगम द्वारा किया जा रहा था, के तीन वर्षों से पूर्णतया बन्द होने के कारण निर्माण सामग्री की लागत बढ़ जाने, सरकारी निर्माण कार्य बाधित होने तथा राजस्व की हानि होने के संबंध में।" **(30 मिनट)**

25. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 07 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत नियम-105 के निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारीः-

"यह माननीय सदन केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि उत्तराखण्ड राज्य को ग्रीन बोनस दिया जाय।" **(30 मिनट)**

26. नियम- 105 के अन्तर्गत श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा के निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चाः-

"यह माननीय सदन रेल मंत्रालय केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि उत्तराखण्ड राज्य जनपद देहरादून के हर्रावाला नामक स्थान को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के निकटतम स्थान तक सीधे रेल मार्ग से जोड़ने के लिए एक नये रेल मार्ग की स्वीकृति दी जाय।" **(30 मिनट)**

27. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

28. विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के ग्राम पंचायत चांदा में खखरा नदी में बाढ़ आने से चांद, भिलइया एवं बरी गांव के आस-पास के क्षेत्रों की कृषि भूमि, राजकीय भूमि एवं भवन तथा आवासीय भवनों को हुई अत्यधिक क्षति एवं किसानों को हो रहे नुकसान के संबंध में डा0 प्रेम सिंह राना, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 10 दिसम्बर, 2012 को दी गई सूचना पर, आपदा प्रबन्धन मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

29. जनपद पिथौरागढ़ के बडालू में ए0एन0एम0 ट्रेनिंग सेन्टर के भवन एवं छात्रावास का निर्माण दो वर्ष पूर्ण हो जाने के उपरान्त भी उसमें ट्रेनिंग न दिलाये जाने के संबंध में श्री बिशन सिंह चुफाल, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 10 दिसम्बर, 2012 को दी गई सूचना पर, चिकित्सा शिक्षा मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

30. विधान सभा क्षेत्र धारचूला के विकास खण्ड धारचूला तथा मुनस्यारी के अनेक गांवों में भारी वर्षा तथा भू-स्खलन की दैवी आपदा से पेयजल स्रोतों, पैदल मार्गों, मोटर मार्गों तथा सम्पत्ति को हुए नुकसान के संबंध में श्री हरीश धामी, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 11 दिसम्बर, 2012 को दी गई सूचना पर, आपदा प्रबन्धन मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

31. जनपद देहरादून तहसील विकासनगर के विकास खण्ड विकासनगर की 18 बाढ़ सुरक्षा सिंचाई योजनायें आपदा ग्रस्त होने के कारण सिंचाई विभाग के मरम्मत के प्रस्ताव के उपरान्त भी पुनः निर्माण न कराये जाने के संबंध में श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 11 दिसम्बर, 2012 को दी गई सूचना पर, सिंचाई मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक : 13 दिसम्बर, 2012

(डी0पी0गैरोला)
प्रमुख सचिव।

"नत्थी"–"ख"

कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 12 दिसम्बर, 2012 की बैठक में दिनांक 13 दिसम्बर, 2012 एवं दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:–

दिसम्बर, 2012

13 गुरूवार,

1– विधायी कार्य।

1. उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार (संशोधन) विधेयक, 2012 पर विचार एवं पारण । **(30 मिनट)**

2. उत्तराखण्ड परिवहन और नागरिक अवस्थापना उपकर विधेयक, 2012 पर विचार एवं पारण। **(30 मिनट)**

3. उत्तराखण्ड राज्य एकल खिड़की सुगमता और अनुज्ञापन विधेयक, 2012 पर विचार एवं पारण । **(30 मिनट)**

4. उत्तराखण्ड विद्युत उत्पादन पर जल उपयोग कर विधेयक, 2012 पर विचार एवं पारण ।**(30 मिनट)**

2– **नियम–54 के अन्तर्गत सूचना।**

(1) श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा के नियम–54 की निम्नलिखित सूचना का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा:–

"प्रदेश में ऊर्जा की कमी को देखते हुए राज्य में ऊर्जा आधारित विकास की सम्भावनाओं पर विचार हेतु एक समिति बनायी जाय जो सरकार को एक निश्चित समय में अपनी रिर्पोट प्रस्तुत करेगी।" **(30 मिनट)**

(2) श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा के नियम–54 की निम्नलिखित सूचना का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा:–

"जनपद देहरादून के पछवादून क्षेत्र की नदियों में चुगान का कार्य जो गढ़वाल मण्डल विकास निगम तथा वन विकास निगम द्वारा किया जा रहा था, के तीन वर्षो से पूर्णतया बन्द होने के कारण निर्माण सामग्री की लागत बढ़ जाने, सरकारी निर्माण कार्य बाधित होने तथा राजस्व की हानि होने के संबंध में।" **(30 मिनट)**

3- <u>नियम-105 के अन्तर्गत प्रस्ताव।</u>

(1) श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 07 दिसम्बर, 2012 को प्रस्तुत नियम-105 के निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा।

"यह माननीय सदन केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि उत्तराखण्ड राज्य को ग्रीन बोनस दिया जाय।" **(30 मिनट)**

(2) नियम- 105 के अन्तर्गत श्री नवप्रभात, सदस्य विधान सभा के निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा।

"यह माननीय सदन रेल मंत्रालय केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि उत्तराखण्ड राज्य जनपद देहरादून के हर्रावाला नामक स्थान को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के निकटतम स्थान तक सीधे रेल मार्ग से जोड़ने के लिए एक नये रेल मार्ग की स्वीकृति दी जाय।" **(30 मिनट)**

14 शुक्रवार,

1- <u>विधायी कार्य।</u>

1. उत्तराखण्ड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण विधेयक, 2012 पर विचार एवं पारण । **(30 मिनट)**
2. उत्तराखण्ड जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था (संशोधन) विधेयक, 2012 पर विचार एवं पारण । **(30 मिनट)**
3. विविध राजस्व विधि (संशोधन) विधेयक, 2012 पर विचार एवं पारण । **(30 मिनट)**

तृतीय सत्र, 2012
का प्रथम गुरूवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## गुरूवार, 22 अग्रहायण, शक संवत्, 1934

## ( दिनांक : 13 दिसम्बर, 2012 )

# नत्थी "क"

## तारांकित प्रश्न

श्री भीमलाल आर्य
06.08.2012

*1. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली (टिहरी गढ़वाल) के अन्तर्गत गोनगढ़ पट्टी पेयजल समस्या के समाधान हेतु सरकार "बालगंगा–गोनगढ़ पम्पिंग पेयजल" योजना का निर्माण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? — पेयजल

श्री भीमलाल आर्य
09.08.2012

*2. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली (टिहरी गढ़वाल) के अन्तर्गत स्यूरी, खमोगी, चुरैड़ा, नौली, लोदस, आर्स, सौंप, गंगी, गेंवाली, पिनस्वाड़, रगड़ी, धैरका, समणगांव, सौड़, खाल, बुढ़वा, गेंवली, पट्टुडगांव नौली किरेथ आदि गांव पेयजल समस्या से ग्रस्त है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गांवों में पेयजल उपलब्ध कराने हेतु योजनायें बना रही हैं ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? — पेयजल

श्री अजय टम्टा
13.08.2012

*3. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा शिक्षकों के स्थानान्तरण हेतु सुगम और दुर्गम के क्या मानक रखे गये हैं ? — शिक्षा

श्री दलीप सिंह रावत
13.08.2012

*4. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के बीरोंखाल विकास खण्ड के अन्तर्गत बाडाडांडा पेयजल योजना से नियमित एवं व्यवस्थित जलापूर्ति नहीं हो पा रही है और यह योजना जीर्ण–शीर्ण स्थिति में है ? यदि हां, तो उक्त योजना के पुनर्निमाण/पुनर्गठन हेतु सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है तथा योजना से नियमित एवं व्यवस्थित जलापूर्ति कब तक की जायेगी ?

पेयजल

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
14.08.2012

*5. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा की सल्ट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कोटेश्वर शशिखाल और हंशीढुंगा गुजरकोट में दो पेयजल योजनायें 2006 से स्वीकृत हैं तथा विभागीय अनदेखी के कारण इनकी डी0पी0 आर0 आज तक नहीं बन पाई है ? क्या सरकार उक्त दोनों पेयजल योजनाओं का शीघ्र जनहित में निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पेयजल

श्री दलीप सिंह रावत
27.08.2012

*6. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत नैनीडांडा पेयजल पम्पिग योजना को स्वीकृति दे दी गई है ? यदि हां, तो निर्माण कार्य में विलम्ब का कारण क्या है ?

पेयजल

श्री यतीश्वरानन्द
29.08.2012

*7. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बालविकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार में आईसी0डी0एस0 द्वारा जो पौष्टिक आहार बच्चों को वितरण के लिए भेजा जाता है उसमें बरसात के दिनों में कीड़े हो जाने के कारण बच्चों में हैजा, पीलिया एवं अन्य संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना रहता है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस आहार की जगह बिस्किट, चना, परमल इत्यादि शुरू करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ?

महिला सशक्तिकरण

श्री यतीश्वरानन्द
31.08.2012

*8. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र लालढांग वासियों को पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी उपलब्ध न होने के कारण क्षेत्र वासियों में त्राहि–त्राहि मची हुई है ? यदि हां, तो क्या सरकार पेयजल समस्या के समाधान हेतु काई कार्यवाही कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पेयजल

श्रीमती विजय बड़थ्वाल
03.09.2012

*9. क्या पैयजल मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में पेयजल की समस्या है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा पेयजल संग्रहण नीति बना दी गई है ? यदि हां, तो इसका स्वरूप क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पेयजल

श्री यतीश्वरानन्द
03.09.2012

*10. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बालविकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार में आई0सी0डी0एस0 द्वारा जो पौष्टिक आहार बच्चों को वितरण के लिए भेजा जाता है उसको प्रत्येक माह न देकर 6–6 माह बीत जाने के बाद भी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर नहीं पहुंच पा रहा है ? क्या सरकार इस घोर लापरवाही के विषय पर कोई कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

महिला सशक्तिकरण

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी 07.09.2012 | *11. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र खटीमा में पीने के पानी में तेल की मात्रा अधिक होने के कारण स्थानीय जनता को दूषित पानी पीना पड़ रहा है, जिससे स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा स्थानीय जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु कोई योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री ललित फर्स्वाण 07.09.2012 | *12. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि तहसील कपकोट जनपद बागेश्वर में पर्यटक स्थल पिण्डारी में पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वीकृत धनराशि से कटौती कर पर्यटक आवास गृह कपकोट के निर्माण हेतु धनराशि क्यों आवंटित की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा इस हेतु अलग से धनराशि स्वीकृत की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 17.09.2012 | *13. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के नीलकंठ मन्दिर में कितने यात्री हर वर्ष दर्शनार्थ आते हैं ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि आने वाले यात्रियों के कारण यहां पर व आस पास के गांवों में बहुत अधिक गन्दगी होती है ? यदि हां, तो क्या सरकार नीलकंठ मन्दिर व आसपास के गांवों की सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए विशेष पैकेज देने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 17.09.2012 | *14. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के अन्तर्गत निमार्णाधीन भैखगढ़ी पम्पिंग पेयजल योजना कब से बन रही है तथा इस योजना के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई एवं अब तक इसमें कुल कितना धन खर्च कर दिया गया है ? क्या सरकार उपरोक्त योजना को इस वित्तीय वर्ष में पूरा करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री दान सिंह भण्डारी 21.09.2012 | *15. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत भीमताल नगरीय क्षेत्र में अधूरी सीवर लाईन के विस्तार हेतु क्या सरकार कोई ठोस कदम उठाने जा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री मदन कौशिक 28.09.2012 | *16. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने एवं पर्यटकों से होने वाली आमदनी से राज्य में आय के स्रोत बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा कोई कार्ययोजना तैयार की गई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री ललित फर्स्वाण 01.10.2012 | *17. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड जल संस्थान व उत्तराखण्ड पेयजल निगम के एकीकरण का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो कब तक एकीकरण किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |

| | | |
|---|---|---|
| श्री तीरथ सिंह रावत 03.10.2012 | *18. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत जयरीखाल विकास खण्ड में गुजरखण्ड पेयजल पंम्पिग योजना स्वीकृत है ? यदि हां, तो उक्त कार्य की प्रगति क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त योजना कार्य अभी तक प्रारम्भ किये जाने के क्या कारण है ? क्या उक्त योजना को शीघ्रपूर्ण करवा जनता को पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री मयूख महर 04.10.2012 | *19. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा पिथौरागढ़ के पेयजल योजना हेतु 75 करोड़ की कोई योजना प्रस्तावित की गयी थी ? यदि हां, तो अब तक उसमें क्या प्रगति हुई है ? यदि नहीं, तो सरकार पिथौरागढ़ वासियों हेतु पेयजल की क्या व्यवस्था कर रही है ? | पेयजल |
| श्री तीरथ सिंह रावत 05.10.2012 | *20. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड बीरोंखाल के अन्तर्गत ग्राम नाकुरी में पेयजल हेतु नयी पाईप लाईन बिछाये जाने हेतु ग्राम पंचायत नाकुरी के प्रधान द्वारा प्रेषित पत्र माननीय मुख्यमंत्री को प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो माननीय मुख्यमंत्री के कार्यालय द्वारा मुख्य महाप्रबन्धक जल संस्थान को प्रेषित पत्रांक संख्या जी0ई0/21688/XXXV-2/2011 (1) दिनांक 21 सितम्बर, 2011 पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या सरकार उक्त क्षेत्र की समस्या को देखते हुए अविलम्ब नाकुरी पेयजल लाईन बिछाये जाने पर विचार करेगी ? | पेयजल |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 06.08.2012 | 1. क्या महिला सशक्तिकरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में महिलाओं के उत्थान हेतु कोई नीति निर्धारण कर रही है जिससे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर उनको पर्याप्त रोजगार उपलब्ध कराया जा सके ? क्या सरकार महिलाओं की आजीविका में गुणात्मक सुधार व पलायन रोके जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो क्या और कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण |
| श्री भीमलाल आर्य 08.08.2012 | 2. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली (टिहरी गढ़वाल) में रा0ई0का0 नौल (बासर) भट्टगांव (गोनगढ़), किरेथ (केमर) केमरा (केमर), धोपड़धार (भिलंग), पौखाल (कोठी फैगूल) ठेला (नैलचामी), मुयालगांव (नैलचामी) नागेश्वर सौड़ (आरगढ़), पड़ागली (कोठी फैगूल) घुमेटीधार (कोठी फैगूल) में विद्यालय भवन छात्र संख्या के अनुरूप उपलब्ध नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों के भवनों के निर्माण हेतु कोई कार्यवाही कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री भीमलाल आर्य 08.08.2012 | 3. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली (टिहरी गढ़वाल) के अन्तर्गत कोठाडू पेयजल (गोनगढ़) योजना के निर्माण पर कितनी धनराशि खर्च हुई ? क्या उक्त योजना धरातल पर है ? यदि हां, तो क्या सरकार पेयजल योजना की उच्च्य स्तरीय जांच हेतु कमेटी को गठित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री भीमलाल आर्य 08.08.2012 | 4. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली (टिहरी गढ़वाल) के अन्तर्गत रा0उ0मा0वि0 जसपुर धारी (आरगढ़) रगड़ी (आरगढ़), तलेवन (बासर) केपार्स (बासर) गोना (गोनगढ़) का इन्टर स्तर पर उच्चीकरण तथा रा0जू0हा0 पिनस्वाड़ (थातीकटूड़) गेंवाली (थातीकटूड़) जसपुर धारी (आरगढ़) ढालगांव (बासर) चानी (बासर) सौंप (गोनगढ़) देवलेश्वर (आरगढ़) लस्यालगांव (बासर) का हाईस्कूल स्तर पर उच्चीकरण किये जाने हेतु सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो, कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 08.08.2012 | 5. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में मुफ्त एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियम 2009 के अन्तर्गत विद्यालयों में गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं भाषा विषय के लिये अलग अलग अध्यापक होने चाहिये ? यदि हां, तो क्या प्रदेश के सभी विद्यालयों में उक्त विषयों के लिये अलग–अलग अध्यापक है ? यदि नहीं, तो कितने विद्यालयों में कमी है ? क्या सरकार उक्त विद्यालयों में अलग–अलग विषयों के लिए अलग–अलग अध्यापकों की व्यवस्था करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 08.08.2012 | 6. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले के सल्ट विधानसभा क्षेत्र में मानिला और द्वाराहाट विधान सभ क्षेत्र के नैथाना देवी पर्वत माला को उत्तराखण्ड के पर्यटक स्थलों में सम्मिलित किया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार इनके सौन्दर्यीकरण और पर्यटकों की सुविधा के लिये यहां कोई कार्य करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| डा0 जीतराम 08.08.2012 | 7. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पेयजल निगम, जल संस्थान एवं स्वेप द्वारा अलग अलग अलग गांवों में निर्माणाधीन योजनाओं का रख रखाव कौन से विभाग द्वारा किया जायेगा ? | पेयजल |
| डा0 जीतराम 08.08.2012 | 8. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में प्रसिद्ध धार्मिक नन्दा देवी महा राज जात (सचल कुम्भ) के रूप में यात्रा का सन् 2013 में आयोजन होना है ? यदि हां, तो मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा इसके आयोजन हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है तथा इस हेतु कितने बजट की व्यवस्था की जा रही है ? | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री भीमलाल आर्य<br>09.08.2012 | 9 क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र घनसाली (टिहरी गढ़वाल) चार धाम यात्रा व तीर्थाटन/पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है ? यदि हां, तो क्या सरकार सहस्त्रताल, महासर ताल, खतलिंग ग्लेशियर, पांवली कांठा, क्यारकी बुगयाल, जैसे ताल बुग्याल व पौराणिक सिद्ध बूढ़ाकेदारनाथ, ज्वालामुखी, राजराजेश्वरी, बेलेश्वर महादेव, मानिकानाथ के समुचित विकास की कार्य योजना तैयार कर विकास कार्य प्रारम्भ करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री प्रेम सिंह राना<br>13.08.2012 | 10 क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 69 नानकमत्ता विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत उ0 मा0 विद्यालय बलखेड़ा, एंचता बीहीं एवं चारूबेटा तीनों विद्यालय जनजाति एवं पिछड़ी जाति बाहुल्य क्षेत्र में हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों का उच्चीकरण करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री अजय टम्टा<br>13.08.2012 | 11 क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सोमेश्वर के विकासखण्ड हवलबाग, ताडीखेत, विकासखण्ड को पेयजल उपलब्ध करने हेतु देवलीखान गांव समूह पम्पिंग योजनाओं की वित्तीय स्वीकृति किन कारणों से नहीं हो रही है ? क्या सरकार वित्तीय स्वीकृति यथाशीघ्र जारी करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री अजय टम्टा<br>13.08.2012 | 12 क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र सोमेश्वर के विकासखण्ड हवलबाग, ताडीखेत, ताकुला, दौराहाट, गांव सभाओं में पेयजल की कमी ठीक कर दी गई है ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>14.08.2012 | 13 क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले के जल निगम नौला डिविजन में लम्बे समय से अधिकारियों, कर्मचारियों की कमी के कारण कई महत्वपूर्ण योजनायें वर्षों से लम्बित पड़ी है तथा इस कमी को दूर करने के स्थान पर कुछ अधिकारियों/कर्मचारियों का स्थानान्तरण वहां से अन्यत्र कर दिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार नौला डिविजन को बन्द करने जा रही है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार वहां मानकों के अनुरूप अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री अजय टम्टा<br>14.08.2012 | 14 क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र सोमेश्वर में सौलोज इन्टर कालेज का प्रान्तीयकरण सरकार कब तक करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री अजय टम्टा<br>14.08.2012 | 15 क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जड़ी बूटी शोध संस्थान के तहत नियुक्त बी0पी0एल मास्टर ट्रैनरों को नियमित मानदेय मिल रहा है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अजय टम्टा 14.08.2012 | 16 क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मार्च 2012 से जुलाई 2012 तक प्रदेश में पेयजल समस्या को दूर करने हेतु किन किन साधनों का उपयोग किया गया और उसमें कितना व्यय किया गया ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि जनपद अल्मोड़ा में नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में टैंकरों में पानी ढुलाई में कितना व्यय किया गया है ? | पेयजल |
| डा0 जीतराम 14.08.2012 | 17 क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में पर्यटन की दृष्टि से अति सुरम्य स्थल आली वैदनी बुग्याल को सरकार वाण गांव से रोपवे से जोड़ने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 16.08.2012 | 18 क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शिक्षा विभाग के कितने शिक्षक अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति पर तैनात हैं एवं किन–किन विभागों में कौन–कौन से शिक्षक तैनात हैं ? क्या सरकार प्रतिनियुक्ति पर शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति समाप्त करने पर विचार कर रही है ? | शिक्षा |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 16.08.2012 | 19 क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट में कितने हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट कालेज हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त कालेजों में किन–किन विषयों के अध्यापक नहीं हैं ? क्या सरकार अध्यापकों की नियुक्ति के संबंध में कोई ठोस कदम उठा रही है ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 16.08.2012 | 20 क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट में वर्तमान में कितने विद्यालयों में मुख्य भवन नहीं है ? क्या सरकार भवन हीन विद्यालयों के मुख्य भवन बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 22.08.2012 | 21 क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग में उत्तराखण्ड राज्य बनने के उपरान्त वर्तमान तक मृतक आश्रितों द्वारा अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति प्रदान किये जाने हेतु वर्षवार कितने–कितने आवेदन प्राप्त हुए एवं उनमें से कितने आवेदकों को नियुक्ति प्रदान की गई है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि मृतक कर्मचारी किन किन पदों पर थे तथा क्या सरकार तत्संबंधित पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? | पेयजल |
| श्री दलीप सिंह रावत 25.08.2012 | 22 क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य में प्रशिक्षित बी0टी0सी0 अभ्यर्थी सहायक अध्यापकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति समायोजन चाहने हेतु महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा के कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठे हैं ? यदि हां, तो बी0टी0सी0 प्रशिक्षितों की मांगों को पूरी करने की दिशा में अब तक की गयी कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा कब तक उक्त प्रशिक्षित बी0टी0सी0 अभ्यर्थियों को सहायक अध्यापकों के रिक्त पदों पर तैनाती/नियुक्ति प्रदान की जायेगी ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह रावत 27.08.2012 | 23 क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत स्वतंत्रा सेनानी स्व0 घनश्याम खंतवाल उ0मा0वि0 असनखेत को वित्त पोषित किया जा रहा है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री यतीश्वरानन्द 29.08.2012 | 24. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार में ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत टिहरी विस्थापित क्षेत्र के छात्र छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने के लिए साईकिल एवं डग्गामार बसों से 10–15 कि0मी0 दूर जाना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार आदर्श नगर टिहरी विस्थापित क्षेत्र में राजकीय इंटर कालेज का उच्चीकरण करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री यतीश्वरानन्द 30.08.2012 | 25. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कुंवर प्रभा उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय लालढांग, कैप्टन गंगा सिंह रावत पब्लिक स्कूल लालढांग, आदर्श इंटर कालेज श्यामपुर, मा0 ख्याली राम उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय श्यामपुर, मा0 विद्या देवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल कटारपुर में कक्षा 6 से 8 तक पांच माह बीत जाने के बाद भी गणित, संस्कृत, विज्ञान, एवं पर्यावरण विषयों की पुस्तकें वित्तविहीन स्कूलों को निःशुल्क उपलब्ध नहीं कराई गयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस संबंध में कोई कार्यवाही प्रारम्भ करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री प्रेम सिंह राना 03.09.2012 | 26. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत गुरूद्वारा साहिब, नानकसागर बांध को ऐतिहासिक पर्यटन स्थल घोषित करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक घोषणा कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री यतीश्वरानन्द 03.09.2012 | 27. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार में आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं को सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी वर्दी का कपड़ा निम्न स्तर का होने से कुछ कार्यकत्री एवं सहायिकायें त्वचा रोग से पीड़ित हो गयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस घोर लापरवाही की जांच हेतु कोई कार्यवाही कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 04.09.2012 | 28. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में जल संस्थान में कर्मचारियों की काफी कमी के कारण अधिकतर पेयजल लाइनें बन्द हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर की परिन्दा, रणचूला, जैगांव, उच्याकोट, फल्दाकोट आदि पेयजल योजना से लाभान्वित उक्त गांवों में पेयजल आपूर्ति सुचारू करने हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 04.09.2012 | 29. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में अशासकीय विद्यालयों में मान्यता होने पर भी पद सृजित न होने से शिक्षकों की कमी है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनता इन्टर कालेज कांडाखाल (लंगूर) पौड़ी गढ़वाल के इन्टर कक्षाओं हेतु प्रवक्ताओं के पद सृजित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 05.09.2012 | 30. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उद्यान विभाग द्वारा प्रदेश में कुल कितने नये उद्यानपतियों को बागवानी के लिए प्रोत्साहन धनराशि दी गई तथा उसका जिलेवार विवरण क्या है ? क्या सरकार व्यक्तिगत उद्यान हेतु सुरक्षाबाड के लिए धन उपलब्ध करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री ललित फर्स्वाण 07.09.2012 | 31. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के मल्ला दानपुर तहसील कपकोट में तैनात शिक्षकों को प्रोन्नति के बाद शहरी क्षेत्रों में नियुक्ति प्रदान की गई है ? यदि हां, तो मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि इस संबंध में क्या कार्यवाही की जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री ललित फर्स्वाण 10.09.2012 | 32. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में समेकित शिक्षा के तहत विकलांग बच्चों की शिक्षा हेतु वर्ष 2011 में संदर्भ शिक्षकों की नियुक्ति की गई है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि अन्य प्रदेशों में इस प्रकार के शिक्षकों की नियुक्ति सीधे विभागीय तौर पर हुई है ? क्या सरकार द्वारा उत्तराखण्ड में भी विभागीय तौर पर नियुक्ति की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री ललित फर्स्वाण 10.09.2012 | 33. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 2012 में जनपद बागेश्वर में अध्यापकों को आचार संहिता के दौरान आउट आफ टर्न प्रमोशन दिये जाने के संबंध में जिलाधिकारी बागेश्वर द्वारा जिला शिक्षाधिकारी, अपर जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक व अपर जिला शिक्षाधिकारी बेसिक के विरूद्ध जांच कर जांच रिपोर्ट शासन को दण्डात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी अवगत हैं कि इस संबंध में शासन द्वारा पुनः जांच करायी जा रही है ? यदि हां, तो जांच का औचित्य क्या है ? यदि नहीं, तो जिलाधिकारी की जांच पर कार्यवाही कब तक की जायेगी ? | शिक्षा |
| श्री ललित फर्स्वाण 11.09.2012 | 34. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड गरूड़ में 17 अप्रैल, 2011 को पूर्व मुख्यमंत्री जी द्वारा इ0का0 सिरकोट का प्रान्तीयकरण करने की घोषणा की है ? यदि हां, तो प्रान्तीयकरण कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री ललित फर्स्वाण 11.09.2012 | 35. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने राजीव गांधी नवोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं तथा इनमें विभिन्न संवर्गों के कितने पद सृजित हैं ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 11.09.2012 | 36. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर में गढ़वाल मण्डल विकास निगम के द्वारा महाबगढ़, देवीडांडा, बालकुंवारी मन्दिर खण्ड, महादेव मन्दिर दाबड़, आदि तीर्थ स्थानों में निर्माण कार्य प्रारम्भ किये गये थे ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि इसमें प्रथम किस्त अवमुक्त कर दी थी ? क्या विभाग उपरोक्त कार्यों का पूर्ण भुगतान अवमुक्त करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 17.09.2012 | 37. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी के अन्तर्गत पौड़ी, खिर्सू लैसंडाउन पर्यटन सर्किट से चैलूसैंण, सिलोगी, देवीखेत को जोड़ने की योजना बनायी गयी थी ? यदि हां, तो सरकार उक्त क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या कार्य कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 17.09.2012 | 38. क्या शिक्षा मंत्री बातने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में रमसा के तहत कुल कितने विद्यालय खोले गये थे ? क्या इन सभी विद्यालयों में अध्यापकों की नियुक्ति कर दी गई है ? यदि हां, तो कितने कितने अध्यापक नियुक्त किये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री भीमलाल आर्य 17.09.2012 | 39. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र घनसाली (टिहरी गढ़वाल) में कुल कितने अशासकीय वित्त विहीन (प्राथमिक, जूनियर, माध्यमिक) विद्यालय हैं ? क्या मंत्री जी उक्त विद्यालयों की सूची नाम सहित स्पष्ट करेंगे ? क्या सरकार उक्त विद्यालयों को सवित्त मान्यता प्रदान करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री बिशन सिंह चुफाल 17.09.2012 | 40. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के डीडीहाट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कुल कितने राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैं जिनमें एकल अध्यापक है तथा इसके क्या कारण है ? क्या सरकार उक्त विद्यालयों में अध्यापकों की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री बिशन सिंह चुफाल 17.09.2012 | 41. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के डीडीहाट में लिफ्ट पेयजल योजना हेतु कुल कितना धन स्वीकृत है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सरकार द्वारा कितना पैसा प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त किया गया है तथा कितना रूपया योजना पर खर्च किन किन मदों में किया गया ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री दान सिंह भण्डारी 18.09.2012 | 42. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत भीमताल विकास खण्ड ओखलकांडा के पी0एच0सी0 / सी0एच0सी0 में पेयजल की समस्या है ? यदि हां, तो समस्या के समाधान हेतु नई पेयजल योजना बनायें जाने के लिए सरकार इस वित्तीय वर्ष में सर्वे करवाकर बजट का प्राविधान करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 19.09.2012 | 43. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में शिक्षा विशारद को बी0एड0 के समकक्ष मानते हुए प्रदेश निर्माण के उपरान्त कितने शिक्षा–विशारदों को कब कब और कहां कहां नियुक्तियां दी गयी हैं ? क्या मंत्री जी तत्संबंधित पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? क्या वर्तमान में जो शिक्षा विशारद नियुक्ति नहीं हुए हैं उन्हे भी सरकार नियुक्तियां प्रदान करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 19.09.2012 | 44. क्या महिला सशक्तिकरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के सल्ट विधान सभा क्षेत्र में स्वीकृत व संचालित आंगनबाडी केन्द्रों की संख्या कितनी है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों का भवन निर्माण हो चुका है और कितने शेष हैं तथा उक्त केन्द्रो हेतु कितनी कितनी धनराशि कब कब स्वीकृत की गयी है तथा शेष बचे आंगनबाडी केन्द्रों में सरकार कब तक भवन निर्माण करायेगी ? | महिला सशक्तिकरण |
| श्री दान सिंह भण्डारी 21.09.2012 | 45. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के ओखलकाण्डा विकास खण्ड के दूरस्थ क्षेत्र में स्थित विद्यालय का मानकों को पूरा करने के बावजूद भी अभी तक उच्चीकरण नहीं हो पाया है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा हाईस्कूल नाई, पश्या, हाईस्कूल रा0उ0मा0वि0 ककोड़, गांजा, पटरानी, गहना एवं जू0हा0 सुनकिया व जू0हा0 झड़गांव के उच्चीकरण के संबंध में कोई कार्यवाही की गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 24.09.2012 | 46. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में अशासकीय विद्यालयों में कार्यरत पी0टी0ए0 शिक्षकों को मानदेय के परिधि में सम्मिलित किये जाने हेतु आख्या निदेशक विद्यालयी शिक्षा द्वारा जिला शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से मांगी गई थी परन्तु कुछ अधिकारियों द्वारा इनकी सूचनायें निदेशालय को ठीक प्रकार से नहीं भेजी गई जिस कारण कई पी0टी0ए0 शिक्षक मानदेय से वंचित रह गये ? क्या सरकार वंचित रह गये पी0टी0ए0 शिक्षकों को मानदेय का लाभ प्रदान करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री मदन कौशिक 25.09.2012 | 47. क्या बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आंगनवाड़ी के कितने केन्द्र संचालित हो रहे हैं तथा इन आंगनवाड़ी केन्द्रों में कितने बच्चे (केन्द्रवार) लाभान्वित हो रहे हैं व इसका मानक क्या है ? क्या आंगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन हेतु सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों को पक्का भवन एवं जरूरी सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु सरकार द्वारा कोई नीति बनायी गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बाल विकास |
| श्री मदन कौशिक 25.09.2012 | 48. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार में प्राथमिक विद्यालयों में रिक्त पदों का आंकलन करते हुए विशिष्ट बी0टी0सी0 का कोटा बढ़ाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>01.10.2012 | 49. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड बीरोंखाल के अन्तर्गत 20 फरवरी, 2009 को स्यूंसी में झील निर्माण की स्वीकृति हुई थी ? यदि हां, तो उक्त झील की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उक्त योजना का निर्माण कार्य प्रारम्भ किये जाने पर सरकार कब तक विचार करेगी ? यदि हां, तो योजना कब तक अस्तित्व में आ जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>01.10.2012 | 50. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर में रमसा के तहत कितने विद्यालयों का उच्चीकरण किया गया है ? क्या उक्त उच्चीकृत विद्यालयों में अध्यापकों के कितने पद सृजित हैं ? यदि नहीं, तो पद कब तक सृजित किये जायेंगे ? | शिक्षा |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>01.10.2012 | 51. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड चाय विकास बोर्ड में कितने पद सृजित हैं ? क्या सरकार उक्त पदों पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं विभिन्न संवर्गों के कार्यरत संविदा कर्मचारियों को विनियमित करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री मदन कौशिक<br>01.10.2012 | 52. **विभिन्न विभागों से संबंधित होने के कारण निरस्त।**<br>क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में भू–जल स्रोत असंतुलन की स्थिति में है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा भू–जल स्रोत का संतुलन बनाये रखने के लिए कोई योजना बनायी गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>03.10.2012 | 53. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनौल्टी के विकास खण्ड जौनपुर में बनाली आनन्द चौक पम्पिंग योजना स्वीकृत है ? यदि हां, तो उस पर कब तक कार्य प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>03.10.2012 | 54. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड पाबौ के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पांग में वर्तमान में अध्यनरत 27 छात्र/छात्राओं हेतु एक भी शिक्षक नियुक्त नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में यथाशीघ्र अध्यापक नियुक्त करेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री मदन कौशिक<br>03.10.2012 | 55. **द्वितीय शुक्रवार के अता0 04 में स्थाना0**<br>क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड के विभिन्न शहरों में ए0डी0बी0 योजना के अन्तर्गत पानी की लाईन डाली गयी थी ? यदि हां, तो क्या ए0डी0बी0 योजना के द्वारा पानी की लाईने डालने का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण हो गया है ? यदि हां, तो कुल कितनी कि0मी0 लाईने डाली गयी हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या पेयजल मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि पानी की लाईने डालने के कारण टूटी सड़कों की मरम्मत हेतु सरकार द्वारा कोई कार्ययोजना बनायी गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मयूख महर<br>03.10.2012 | 56. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के एल0डब्लयू0एस0 कन्या इन्टर कालेज को विज्ञान वर्ग में सवित्तीय मान्यता प्रदान करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री मयूख महर<br>03.10.2012 | 57. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जल संस्थान पिथौरागढ़ को गत पांच वर्षों में विभिन्न कार्यों हेतु विभिन्न मदों से कुल कितनी धनराशि उपलब्ध की गयी है ? क्या सरकार मदवार विवरण उपलब्ध करायेगी ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त राशि से पिथौरागढ़ की पेयजल समस्या का निराकरण हुआ है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार इस खर्च की राशि की विजिलेंस व तकनीकी सेल के द्वारा जांच करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>04.10.2012 | 58. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 621/2012, दिनांक 07 जून, 2012 को जनपद बागेश्वर के कपकोट में फरसाली गुलेर गांव को जोड़ते हुए वृहद पेयजल योजना की घोषणा की है ? यदि हां, तो क्या योजना की डी0पी0आर0 तैयार हो चुकी है ? यदि नहीं, तो कब तक योजना तैयार की जायेगा ? | पेयजल |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>05.10.2012 | 59. **द्वितीय बुधवार के अता0 10 में स्थाना0**<br><br>क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र ऋषिकेश के अन्तर्गत वर्ष 2003 में निर्मित तहसील कालोनी की सीवर लाईन व गटर चौक (बन्द) है ? यदि हां, तो क्या सरकार कालोनीवासियों को इस परेशानी से निजात दिलाने हेतु विचार कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री मयूख महर<br>05.10.2012 | 60. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत पिथौरागढ़ शहर हेतु इस वित्तीय वर्ष में क्या कोई पेयजल योजना स्वीकृत हुई है ? यदि हां, तो कौन सी व इस हेतु कितना धन आवंटित हुआ ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री तीरथ सिंह रावत<br>05.10.2012 | 61. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड बीरोंखाल के अन्तर्गत रा0इ0 कालेज भरोलीखाल वर्ष 2010 में प्रदेश में आई भीषण आपदा के दौरान पूर्णतया क्षतिग्रस्त हो गया था ? यदि हां, तो क्या सरकार विद्यालय भवन का निर्माण यथाशीघ्र करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? | शिक्षा |
| श्री मदन कौशिक<br>05.10.2012 | 62. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में सहायक अध्यापक के पद पर भर्ती हेतु सरकार लिखित परीक्षा कराने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा उपरोक्त विषयक कोई नीति बनाई गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>08.10.2012 | 63. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत राजकीय कन्या इण्टर कालेज लोहाघाट में इण्टरमीडिएट में गणित विषय खोले जाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरीश धामी<br>1[illegible]0.2012 | 64. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा प्रदेश में कितने बेरोजगार युवाओं को पर्यटन के माध्यम से रोजगार से जोड़ा गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि पर्यटन नीति में रोजगार से संबंधित नीति क्या है ? | पर्यटन |
| श्री चन्दन राम दास<br>08.10.2012 | 65. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पर्वतीय क्षेत्रों के सुगम क्षेत्र में वर्षों से रिक्त प्रधानाचार्य/प्रवक्ता के पदों पर नियुक्ति के लिए सरकार कोई ठोस पहल कर रही है ? यदि हां, तो बागेश्वर जिले में प्रधानाचार्य प्रवक्ता व एल0टी0 के सुगम क्षेत्र में कितने पद कब से रिक्त हैं तथा उन्हे कब तक सरकार नियुक्ति करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री चन्दन राम दास<br>08.10.2012 | 66. **द्वितीय शुक्रवार के अता0 05 में स्थाना0**<br>क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बागेश्वर नगर में सीवर लाइन योजना स्वीकृत हुई है ? यदि हां, तो इस सीवर लाइन की कुल लागत कितनी है तथा कार्य कब से प्रारम्भ किया जाएगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री नारायण राम आर्य<br>08.10.2012 | 67. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 06.06.2012 को विधान सभा क्षेत्र गंगोलीहाट के अन्तर्गत रा0ई0का0 खिरमाडि, गणाई गंगोली रा0 कन्या इ0का0 गणाई गंगोली में विद्यालय भवन बनाने की घोषणा की थी ? यदि हां, तो एस0सी0पी0 के अन्तर्गत भवन बनाने हेतु धनराशि अवमुक्त की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री नारायण राम आर्य<br>08.10.2012 | 68. **द्वितीय सोमवार के अता0 41 में स्थाना0**<br>क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 06.06.2012 को गणाई गंगोली विधान सभा क्षेत्र गंगोलीहाट में डिग्री कालेज खोलने की घोषणा की थी ? यदि हां, तो इस पर प्रगति कहां तक हो गई है तथा नये शिक्षा सत्र से डिग्री कालेज की स्वीकृती हो जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री चन्दन राम दास<br>09.10.2012 | 69. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर जिले में सरयू पेयजल योजना जेठाई, बन्गचूड़ी सहित 12 ग्राम सभाओं को विभाग पेयजल आपूर्ति हेतु कोई ठोस प्रयार कर रही है ? यदि हां, तो तीन वर्षों से स्वैप में ग्राम समिति से धनराशि जमा करने के बाद भी योजना स्वीकृत करने में विलम्ब क्यों हो रहा है ? यदि नहीं, तो इसका क्या कारण है ? | पेयजल |
| श्री नारायण राम आर्य<br>09.10.2012 | 70. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजीव गांधी नवोदय विद्यालय गंगोलीहाट के भवन निर्माण के अपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए धनराशि स्वीकृत न होने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार उक्त विद्यालय के अपूर्ण भवन निर्माण के लिए धनराशि का आवंटन शीघ्र करेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नारायण राम आर्य 09.10.2012 | 71. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गंगोलीहाट लिफ्ट पेयजल योजना हेतु कुल कितनी धनराशि स्वीकृत हुई थी तथा इस पाइप लाइन की लम्बाई कितनी थी व पाइन लाईन कितनी जमीन के अन्तर्गत डालने का प्राविधान था तथा कितने पम्पिंग स्टेशन थे ? क्या सरकार द्वारा मानक के अनुसार पेयजल योजना बनाई गई है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि कितना से0मी0 पाइप जमीन में डाला गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 11.10.2012 | 72. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र ऋषिकेश के अन्तर्गत नगर क्षेत्र व अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार सीवर लाईन बिछाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो योजना का स्वरूप क्या है और कब तक योजना प्रारम्भ की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री चन्दन राम दास 12.10.2012 | 73. क्या बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग में कितने बाल विकास परियोजना अधिकारियों को जिला कार्यक्रम अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त में से कितने अनु0 जाति व्यक्तियों को जिला कार्यक्रम अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है ? क्या सरकार अधिकारियों का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | बाल विकास |
| श्री चन्दन राम दास 12.10.2012 | 74. क्या बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग में वर्तमान सत्र 2012 में स्थानान्तरण नीति 2008 के विपरीत कितने कार्मिकों/अधिकारियों का स्थानान्तरण किया गया है तथा स्थानान्तरित अधिकारियों/कार्मिकों का नाम पद नाम सहित विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि स्थानान्तरण नीति से हट कर स्थानान्तरण किये जाने के क्या कारण थे ? | बाल विकास |
| श्री मनोज तिवारी 12.10.2012 | 75. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 05 मई, 2012 को जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र अल्मोड़ा हेतु अल्मोड़ा –सरयू–सेराघाट पम्पिंग पेयजल योजना को भारत सरकार से स्वीकृत कराये जाने तथा विक्टर मोहन जोशी एन0टी0डी0 जलाशय के लिए तत्काल धनराशि स्वीकृत कराये जाने की घोषणा की गयी थी ? यदि हां, तो वर्तमान स्थिति क्या है तथा कब तक स्वीकृति मिल जायेगी ? | पेयजल |
| श्री हरीश धामी 17.10.2012 | 76. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि माननीय मुख्यमंत्री जी के पत्र संख्या VIP(m)/6186/xxxv-1/2012(20) दिनांक 27 अगस्त, 2012 के अनुसार शिक्षा मित्रों के मानदेय वृद्धि का प्रस्ताव कब तक किया जायेगा तथा इससे पूर्व माननीय मुख्यमंत्री जी के पत्र संख्या VIP(m)/2848/xxxv-1/2012(10) दिनांक 06–06–2012 तथा पत्र संख्या VIP(m)/3313/xxxv-1/2012(3) दिनांक 12–06–2012 पर विभाग ने अब तक क्या कार्यवाही की है ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरीश धामी<br>[illegible]10.2012 | 77. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि टी0ई0टी0 उत्तीर्ण बी0एड0 प्रशिक्षित बेरोजगार के लिए पूर्व विज्ञप्ति के आधार पर जनपद पिथौरागढ़ में शिक्षकों के कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार द्वारा पद बढ़ाये जाने की संभावना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>17.10.2012 | 78. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के ऋषिकेश विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत साहबनगर, चकजोगी, छिद्दरवाला, गौरूरीमाफी, ठाकुरपुर, गुमानीवाला, ऋषिकेश प्राथमिक विद्यालय के साथ ही जूनियर हाईस्कूल रायवाला के भवन जीर्ण–शीर्ण स्थिति में है ? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त भवनों के मरम्मत की योजना बना रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखूरी<br>18.10.2012 | 79. **मा0 सदस्य के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के कारण प्रश्न हटाया गया।**<br>क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में राजकीय इण्टर कालेजों, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्य तथा प्रधानाध्यापकों के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों का विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन रिक्त पदों पर प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक की तैनाती/नियुक्ति किये जाने के संबंध में अब तक की गयी कार्यवाही और किए गए प्रयासों का विवरण क्या है तथा कब तक रिक्त पदों पर नियुक्ति/तैनाती कर दी जायेगी ? | शिक्षा |
| श्री भीमलाल आर्य<br>18.10.2012 | 80. क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के 7 जनपदों में निदेशक संस्कृत शिक्षा द्वारा आउट सोर्सिंग उपनल/पी0आर0डी0 के माध्यम से सहडाटा इन्ट्री आपरेटरों को संस्कृत शिक्षा विभाग के पदों में दिनांक 07 जुलाई, 2011 को नियुक्ति दी गई थी ? क्या मा0 मंत्री जी अवगत हैं कि उक्त जनपदों में आउट सोर्सिंग से भर्ती किये गये कार्मिकों की सेवायें 31 मार्च, 2012 से समाप्त कर दी गयी ? क्या यह भी सत्य है कि माननीय मंत्री महादेय द्वारा यह आश्वस्त किया गया था कि उक्त हटाये गये कार्मिकों को पुनः सेवा में ले लिया जायेगा तथा इन कार्मिकों को बहाल किये जाने का प्रकरण वित्त विभाग उत्तराखण्ड शासन को संदर्भित किया गया था तथा अपर सचिव वित्त द्वारा दिनांक 26 सितम्बर, 2012 के पत्र द्वारा उन्हे सेवा में लिये जाने की सहमति प्रकट की गयी थी ? यदि हां, तो कब तक इनकी सेवायें बहाल कर दी जायेंगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | संस्कृत शिक्षा |
| डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी<br>22.10.2012 | 81. **मा0 सदस्य के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के कारण प्रश्न हटाया गया।**<br>क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में शिक्षा विभाग के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश निर्माण निगम द्वारा वर्ष वार 2010–11 तथा 2011–12 में कितनी योजनाओं पर निर्माण कार्य किया गया है तथा उनमें कितनी योजनायें पूर्ण होने के बाद संबंधित को हस्तान्तरित की जा चुकी है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि शेष अपूर्ण योजनाओं का नाम क्या है तथा उन्हे कब पूर्ण करा लिया जायेगा ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी 25.10.2012 | 82. **मा0 सदस्य के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के कारण प्रश्न हटाया गया।** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के अन्तर्गत जल संस्थान को कालेश्वर–कर्णप्रयाग पेयजल अपलिफ्टिंग योजना हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गयी है तथा कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है ? यह योजना किन किन गावों को लाभान्वित करने जा रही है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त योजना से जयकण्डी कालेश्वर ग्रामों को भी लाभान्वित किया जाना है ? यदि हां, तो योजना पूर्ण हो चुकी है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी 25.10.2012 | 83. **मा0 सदस्य के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के कारण प्रश्न हटाया गया।** विधान सभा के द्वितीय सत्र 2011 के प्रथम सोमवार को उत्तरित आतारांकित प्रश्न संख्या 13 के कम में क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में प्रधानाचार्यों/प्रधानाध्यापकों के स्वीकृत एवं रिक्त पदों की अद्यतन स्थिति का विवरण क्या है तथा अब तक रिक्त पदों पर तैनाती/नियुक्ति हेतु गतिमान कार्यवाही के परिणाम क्या है तथा रिक्त पदों पर कब तक प्रधानाचार्यों/प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति की जायेगी ? | शिक्षा |
| डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी 25.10.2012 | 84. **मा0 सदस्य के उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के कारण प्रश्न हटाया गया।** विधान सभा के द्वितीय सत्र 2011 के प्रथम सोमवार को उत्तरित आतारांकित प्रश्न संख्या 36 के कम में क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में अंशगत विषयों के प्रति कार्यरत शिक्षकों का जनपदवार विवरण क्या है तथा अंशगत विषय में कार्यरत शिक्षकों को संगत विषय के रिक्त पद के सापेक्ष में तैनाती हेतु अब तक की गयी कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कब तक अंशगत विषयों के प्रति कार्यरत शिक्षकों को संगत विषय के प्रति नियुक्ति की जायेगी ? यदि हां, तो नियुक्ति किये जाने में विलम्ब के कारण क्या हैं और इसके प्रति कौन उत्तरदायी है ? | शिक्षा |
| श्री गणेश जोशी 30.10.2012 | 85. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत पर्यटन विभाग की मसूरी जार्ज ऐवरेस्ट की 172 एकड़, मसूरी झड़ीपानी में 19 एकड़ तथा हाथी पांव में 58 एकड़ करोड़ों रूपये लागत की भूमि अनुपयुक्त पड़ी है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर कोई बहुउद्येश्शीय व्यवसायिक एवं आवासीय योजना के कियान्वयन पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री आदेश चौहान 30.10.2012 | 86. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ग्राम सीतापुर में नई आवासीय कालोनियां विकसित होने व हरिद्वार शहर में जनसंख्या का दबाव लगातार बढ़ने के फलस्वरूप पेयजल की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में एक नई पेयजल योजना का निमार्ण करयेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |

-श्री आदेश चौहान
10.2012

87. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर (ज्वालापुर) का संचालन कई वर्षों से प्रबन्ध समिति द्वारा किया जा रहा है जिसकी संशोधित प्रशासन योजना साधारण सदस्यों की सूची व निर्वाचित पदाधिकारियों/सदस्यों का अनुमोदन शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त नहीं किया गया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इसकी उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

शिक्षा

श्री मालचन्द
31.10.2012

88. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत केदारकांठा, चांगशील, मानीरा, पेस्टारा, दुन्दा, देवबन, बौखटिम्बा, देवराना, सरताल, बरराड़सर, देवक्यारा, जीवड़ाताल, बड़ासुपास, बाल्ली पास, यमुनोत्री पास, हरकीदून पास उक्त पर्यटक स्थानों को पर्यटकों की सुविधा हेतु उत्तराखण्ड के पर्यटक मानचित्र में दर्शायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन

श्री गणेश जोशी
01.11.2012

89. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के मसूरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत दुर्गम क्षेत्र चामासारी के बालक/बालिकाएं प्राथमिक विद्यालय न होने के कारण शिक्षा से वंचित हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि पूर्व में शिक्षा विभाग द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था हेतु एक ए0आई0ई सेंटर खोला गया था किन्तु मार्च 2012 के उपरान्त उसे भी बन्द कर दिया गया ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि पूर्व में ग्राम पंचायत चामासारी द्वारा 08 नवम्बर, 2010 को विद्यालय के निर्माण हेतु ग्राम सभा की भूमि का प्रस्ताव भी शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराया जा चुका है ? यदि हां, तो क्या सरकार चामासारी बस्ती मोटीधार में प्राथमिक विद्यालय खुलवाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

शिक्षा

श्री गणेश जोशी
01.11.2012

90. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र मसूरी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिल्ला में हाई स्कूल बुरांशखण्डा को उच्चीकृत करने का प्रस्ताव पूर्व में शासन को प्रेषित किया गया है ? यदि हां तो क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि उक्त क्षेत्र अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र में गरीब ग्रामीणों के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा हेतु 20 कि0मी0 की परिधि में कोई भी इण्टर कालेज होने से उक्त क्षेत्र में बच्चों को शिक्षण हेतु काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार ग्राम पंचायत सिल्ला में हाई स्कूल बुरांशखण्डा को उच्चीकृत करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

शिक्षा

श्री गणेश जोशी
01.11.2012

91. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र मसूरी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत क्यारा व ग्राम पंचायत नालीकला में मात्र पांचवी कक्षा तक ही शिक्षा उपलब्ध है और शिक्षार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु 8 से 12 कि0मी0 की पैदल की दूरी तय करनी पड़ती है ? यदि हां, तो क्या सरकार ग्राम पंचायत क्यारा व ग्राम पंचायत नालीकला में एक जूनियर हाईस्कूल खुलवाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

शिक्षा

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह [illegible]त<br>02.11.2012 | 92. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड द्वारीखाल के अन्तर्गत भैरवगढ़ ग्राम समूह पम्पिंग पेयजल के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है और प्रस्तावित पेयजल निर्माण हेतु अब तक की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त भैरवगढ़ी ग्राम समूह पम्पिंग योजना के विलम्ब होने के क्या कारण हैं एवं विलम्ब हेतु दोषी अधिकारियों के खिलाफ क्या सरकार कोई कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>02.11.2012 | 93. क्या शिक्षा मंत्री बातने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा में स्वीकृत श्यामाप्रसाद मुखर्जी अभिनव विद्यालय की स्थापना का कार्य कब तक आरम्भ किया जायेगा ? क्या यह सत्य है कि विद्यालय हेतु भूमि उपलब्ध करा दी गयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार आगामी शिक्षण सत्र का कार्य पूर्ण करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| हाजी सरवत करीम अंसारी<br>02.11.2012 | 94. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के मंगलौर नगर पालिका के क्षेत्रों के अन्तर्गत सरकार सीवरलाईन डालने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| हाजी सरवत करीम अंसारी<br>02.11.2012 | 95. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विकासखण्ड नारसन में 01 अप्रैल, 2012 से 31 मार्च, 2012 तक ईट भट्टों सहित अन्य स्थानों पर कितने ई0जी0एस0 / ए0आई0ई0 / एन0आर0एस0टी0 / शिक्षा केन्द्रो का संचालन किया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त शिक्षा केन्द्रों पर सर्वशिक्षा अभियान से मध्याह्न भोजन सहित कितनी धनराशि खर्च की गयी है तथा शिक्षा केन्द्रों से कितने बच्चों ने पढ़कर समीपस्थ विद्यालयों में प्रवेश लिया है ? | शिक्षा |
| श्री नारायण राम आर्य<br>05.11.2012 | 96. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिनगड़ी के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था को कितनी धनराशि अवमुक्त की गयी तथा उक्त राशि में से कितनी खर्च की जा चुकी है ? क्या यह सत्य है कि उक्त विद्यालय के भवन का 50 प्रतिशत कार्य अपूर्ण है ? क्या मंत्री जी इस की जांच कर कार्यदायी संस्था पर कार्यवाही कर धन वसूली हेतु आदेशित किया जायेगा ? यदि हां, तो विद्यालय के अपूर्ण भवन निर्माण हेतु पूर्ण करने के लिए धनराशि दी जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री मालचन्द<br>05.11.2012 | 97. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत सभी पर्यटक स्थलों (हरकीदून, केदारकांठा, भराड़सर आदि) को रोपवे के माध्यम से जोड़ा जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| हाजी सरवत करीम अंसारी<br>06.11.2012 | 98. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विकास खण्ड नारसन जनपद हरिद्वार के खण्ड शिक्षा अधिकारी के पद पर शैक्षणिक संवर्ग के अधिकारी की तैनाती की गयी है ? यदि हां, तो क्या प्रशासनिक संवर्ग के पद पर शैक्षणिक संवर्ग के अधिकारी की तैनाती किये जाने संबंधी कोई आदेश हैं ? यदि हां, तो क्या ? | शिक्षा |
| श्री नारायण राम आर्य<br>06.11.2012 | 99. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2005 से सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में तदर्थ कार्यरत प्रधानाचार्यों को प्रधानाचार्य वेतन कम दिये जाने का निर्णय माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार लिया गया है ? क्या यह सत्य है कि जिन प्रधानाचार्यों ने न्यायालय में वाद दायर किया था, उन्हे उक्त वेतन दिया जा रहा है ? क्या शेष प्रधानाचार्य को भी उच्च न्यायालय के आदेशानुसार वेतन देने का निर्णय लिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री मालचन्द<br>06.11.2012 | 100. | क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सेब बागवानों / फसली बीमा हिमाचल के आधार पर विधान सभा क्षेत्र पुरोला में भी लागू करेगी ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि हिमाचल के आधार पर समर्थन मूल्य / फसली बीमा की सुविधा उत्तराखण्ड के कास्तकारों को कब तक प्रदान कर दी जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री मालचन्द<br>06.11.2012 | 101. | क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के विकास खण्ड मोरी में वर्तमान में कितने रोपवे स्थापित है और कहां कहां हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सरकार अन्य किस किस जगह रोपवे लगाने हेतु विचार कर रही है व पूर्व में लगे रोपवे सरगधार से लुहासु कुकरेडा लगाने का विचाराधीन है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री मालचन्द<br>06.11.2012 | 102. | क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि हिमाचल के पैटर्न पर हिमाचल में पूरे प्रदेश में छोटे छोटे बगीचों को निर्माण किया गया है तथा हिमाचल से लगा क्षेत्र छत्र बामोण आराकोट वर्तमान में लगभग लगभग 10 लाख पेटी सेब का उत्पादन किया जा रहा है ? उसके अलावा अन्य नकदी फसलें भी उत्पादित की जाती हैं ? क्या सरकार उक्त प्रकार की व्यवस्था उत्तराखण्ड में भी लागू करेगी ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि विधान सभा क्षेत्र पुरोला के टिकोची, सांकरी मोटी पुरोला नौगांव में भी छोटी–छोटी मण्डियों को निर्माण कर कास्तकारों को सुविधा उपलब्ध कराने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री गणेश जोशी<br>06.11.2012 | 103. | क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि पर्यटन विभाग के माध्यम पुरूकुल से हाथीपांव तक रोपवे के निर्माण की योजना स्वीकृत की गयी थी ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि योजना की निविदायें भी विभाग द्वारा आमंत्रित की गयी थी ? यदि हां, तो सरकार उक्त योजना को कब तक प्रारम्भ किये जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |